परेशानी ◆ दोस्ती के बहाने युवतियों को ब्लैकमेल करने की शिकायतें वी केयर फॉर यू व सायबर सेल में बढ़ीं

फेसबुक पर अंजान से दोस्ती बनी जी का जंजाल

इंदौर @ पत्रिका
patrika.com/city

फेसबुक को भले ही पुराने दोस्तों तक पहुंचने का आसान जरिया माना जाता हो, लेकिन इसका दूसरा पहलू भयावह है। अंजान से दोस्ती के साइड इफेक्ट की शिकायतें लगातार पुलिस के पास पहुंच रही हैं। ज्यादा दोस्त की होड़ में युवा वर्ग अंजान दोस्तों से चैटिंग में निजी जानकारी भी दे देते हैं। इसके जरिए यही दोस्त जब ब्लैकमेल करने लगता है तो अपनी गलती का अहसास होता है। युवा वर्ग सोशल मीडिया में सक्रिय है। स्टेटस सिंबल से जुड़ा फेसबुक उन्हें कई बार मुसीबत में डाल रहा है।

फेसबुक से जुड़ी शिकायतों की जांच वी केयर फॉर यू व सायबर सेल में की जाती है। रोज ही कोई न कोई मामला पहुंचता है। इस साल फेसबुक से जुड़ी सायबर सेल में करीब 200 और वी केयर फॉर यू में करीब 150 शिकायतें पहुंची हैं। इनमें फेसबुक के जरिए बदनाम करने, ब्लैकमेल कर रुपए मांगने व शारीरिक शोषण की शिकायतें शामिल हैं। ऐसे मामलों में जांच करना पुलिस के लिए भी टेढ़ी खीर साबित होता है। हर मामले में पुलिस को फेसबुक मुख्यालय से जानकारी आने का इंतजार करना पड़ता है।

झांसे में लेकर की वसूली

केस-1 **एरोड्रम** निवासी युवती की पहचान फेसबुक पर युवक से हुई। दोनों में चैटिंग के दौरान प्यार हुआ और फिर वे मिलने लगे। युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से संबंध बनाए। उसका एटीएम कार्ड लिया व रुपए निकालने लगा। रिलेशनशिप के बावजूद युवक ने शादी नहीं की। युवती ने जब पैसे देना बंद कर दिए तो धमकाने लगा व शादी से ही इनकार कर दिया। आखिरकार युवती ने वी केयर फॉर यू में शिकायत कर युवक के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

फर्जी प्रोफाइल से धोखा

केस-2 **फेसबुक** पर महिला टीआई के नाम से युवक ने फर्जी प्रोफाइल बनाई और कई महिला पुलिसकर्मियों व युवतियों से दोस्ती कर ली। फ्रेंड लिस्ट में शामिल युवतियों से मिलने के लिए दबाव बनाने लगा तो उन्हें शंका हुई। जब युवतियां मिलने के लिए तैयार नहीं हुईं तो उन्हें बदनाम कर देने की धमकी तक देने लगा। पीटीसी की महिला सिपाही ने वी केयर फॉर यू में शिकायत की तो मामला उजागर हुआ।

अपने देते है धोखा

फेसबुक पर अधिकतर मामलों में परिचित ही फर्जी प्रोफाइल बनाकर आपकी जानकारी का गलत इस्तेमाल करता है। कई बार युवतियां अपना पासवर्ड भी शेयर कर लेती हैं और फिर खामियाजा भुगतती हैं। फर्जी प्रोफाइल बनाकर कोई दुश्मनी का बदला लेता है तो कोई युवतियों व महिलाओं को ब्लैकमेल कर पैसा कमाने की कोशिश करता है।

जागरूक रहकर बचें

सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के बाद इसकी शिकायतें भी बढ़ी हैं। तकनीक का इस्तेमाल करते समय कई बार लोग सावधानी नहीं रखते और मुसीबत में फंस जाते हैं। सोशल मीडिया पर जागरूक रहकर ही परेशानियों से बचा जा सकता है। खुद को सुरक्षित रखते हुए दोस्तों, परिचितों व परिवार को भी जागरूक रखने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

- वरुण कपूर, आईजी पीआरटीएस